FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत—–जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

रामजीलाल बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य

किस्म मुकदमा– नामान्तरण अपील नम्बर– 09 सन् 2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.07.2025	अधिवक्ता अपीलांट एवं स्वयं अपीलांट उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता रेस्पों0 सं0 2 अनुपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि विचाराधीन अपील में आज की तारीख पेशी नियत है। उक्त अपील जिस आराजी के संबंध में पेश की गई है उसमें सिविल न्यायालय में भी वाद विचाराधीन है। सिविल वाद के निर्णय तक उक्त अपील चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए अपीलांट उक्त अपील को आगे नहीं चलाना चाहता है व विड्रा करना चाहता है। अतः अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना स्वीकार फरमाया जाकर सिविल वाद के निर्णय से यदि अपीलांट के हित प्रभावित होते है तो प्रार्थी पुनः अपील पेश करने की स्वतंत्रता के साथ अपील विड्रा करने की अनुमति प्रदान कर अपील आज ही फैसल शुमार फरमाई जावे। राजकीय अधिवक्ता ने विचाराधीन नामान्तरण अपील को विड्रॉ किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। हमने उपस्थित अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। अपीलांट का प्रार्थना पत्र इस लिबर्टी के साथ विड्रॉ किये जाने की अनुमति दी जाती है कि अपीलांट सिविल न्यायालय में विचाराधीन वाद के निर्णय उपरांत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख लौटाया जावे। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:53:14 IST
Reason: SelfAttested